Education Bureau

नि:शुल्क उत्तम किंडरगार्टन शिक्षा नीति

गैर-चीनी भाषी बच्चों के लिए समर्थन

(Hindi)

नि:शुल्क
उत्तम किंडरगार्टन
शिक्षा नीति

गैर-चीनी भाषी
बच्चों के लिए
समर्थन

गैर-चीनी भाषी (NCS) बच्चों द्वारा शुरुआत में चीनी भाषा सीखने से मुख्यधारा के पाठ्यक्रम को अपनाने व स्थानीय समुदाय में घुलने-मिलने में सहायता मिलेगी। NCS के माता-पिता को जितना जल्दी संभव हो सके चीनी भाषा से परिपूर्ण वातावरण में बच्चों को किंडरगार्टन (KGs) भेजने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जिससे उन्हें चीनी भाषा सीखने में सहायता दी जा सके। सरकार द्वारा NCS बच्चों को उनकी शिक्षा व विकास की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए KGs में दाखिला लेने में सहायता देने के लिए अनेक उपाय किए गए हैं।

समर्थन के उपाय

छात्र का दाखिला

- सभी KGs को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी बच्चों को उनकी जाति, लिंग व क्षमता पर ध्यान दिए बिना दाखिले में समान अवसर दिए जाते हों और स्कूल में दाखिला प्रक्रिया को निष्पक्ष, न्याय संगत, खुली व भेदभाव विरोधी अध्यादेशों का अनुपालन करना चाहिए।
- KGs को याद दिलाया जाता है कि वे उनके आवेदन फॉर्म, स्कूल आधारित दाखिला प्रक्रिया के ऊपर दी गई जानकारी व दाखिला मानदंड के चीनी व अंग्रेज़ी दोनों संस्करण प्रदान करें, तथा NCS बच्चों के माता-पिता को सहायता प्रदान करें। उदाहरण के लिए, KGs द्वारा साक्षात्कार के दौरान माता-पिता को उनके साथ चीनी भाषा बोलने वाले रिश्तेदार/दोस्त को लाने की अनुमति दी जा सकती है जिससे कि बातचीत को सुविधाजनक बनाया जा सके।
- NCS बच्चों के माता-पिता के लिए सालाना नर्सरी (K1) दाखिले पर माता-पिता सेमीनार आयोजित किए जाते हैं। अनुवाद सेवा उपयुक्त रूप मे प्रदान की जाती है।
- शिक्षा विभाग (EDB) द्वारा प्रकाशित प्रासंगिक सामग्रियां, जैसे लीफलेट, पोस्टर, गाइडेंस नोट्स व KG में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र हेतु आवेदन फॉर्म छह मुख्य जातीय अल्पसंख्यक भाषाओं में अनुवादित किए गए हैं, जिसमें शामिल है बहासा इंडोनेशिया, हिंदी, नेपाली, टेगलॉग, थाई व उर्दू।
- KG प्रोफाइल, जो अंग्रेज़ी व चीनी दोनों में प्रकाशित की जाती है, उसमें स्कूल की बहुत सारी जानकारी शामिल होती है जो कि स्कूल का चयन करने में माता-पिता के लिए उपयोगी संदर्भ के रूप में सहायता करती है।
- NCS बच्चों के माता-पिता जिन्हें KGs में दाखिले के समय वास्तव में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, जैसा उचित हो, नि:शुल्क उत्तम KG शिक्षा योजना (Scheme-KGs) में शामिल होने वाले KGs, जिन में रिक्तियां है, के लिए शिक्षा विभाग (EDB) से रेफरल देने का आग्रह कर सकते है।

NCS छात्रों की ज़रूरतों की पूर्ती

- NCS छात्रों की ज़रूरतों की पूर्ती में KGs का समर्थन करने के लिए, स्कूल आधारित विभिन्न समर्थन प्रदान किए जाते हैं। सभी KGs शामिल हो सकते हैं।
- KGs को NCS छात्रों की शिक्षा व अध्ययन के ऊपर व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं।
- 8 या उससे ज्यादा NCS छात्रों को एडमिशन देने वाले Scheme-KGs NCS छात्रों को अधिक समर्थन देने के लिए अतिरिक्त अनुदान हेतु आवेदन कर सकते हैं।
- NCS छात्रों के माता-पिता के साथ बातचीत को मजबूत करने में KGs की सहायता करने के लिए, आम तौर पर उपयोग किए जाने वाले स्कूल परिपत्रों के लिए कम्युनिकेशन क्यू कार्ड्स के एक सेट व टेम्पलेट्स के एक सेट को KGs द्वारा प्रयोग में लाने के लिए छह मुख्य जातीय अल्पसंख्यक भाषाओं में अनुवादित किया गया है।
- नई KG शिक्षा पाठ्यक्रम गाइड में स्थानीय स्कूल के वातावरण में NCS छात्रों के घुलने-मिलने में सहायता करने के लिए निर्देश व सिद्धांत निर्धारित किए गए हैं, साथ ही उसमें किस प्रकार से शिक्षक NCS छात्रों को चीनी भाषा सीखने में सहायता कर सकते हैं इसके ऊपर विशेष रणनीतियों व प्रासंगिक संसाधनों की जानकारी दी गई है।

अन्य जानकारी

आगे की जानकारी या सहायता के लिए, कृपया EDB से संपर्क करें:

- क्षेत्रीय शिक्षा कार्यालयों के टेलीफोन:
  2863 4646 (HK),
  3698 4108 (KLN),
  2639 4876 (NTE) और
  2437 7272 (NTW)
- किंडरगार्टन व बाल देखभाल केंद्रों के लिए संयुक्त कार्यालय का टेलीफोन:
  3107 2197
- अन्य प्रासंगिक वेबसाइटें:
  - नि:शुल्क बढ़िया KG शिक्षा
    www.edb.gov.hk/free-quality-kg-edu_en
  - KGs में K1 कक्षाओं के लिए दाखिले की व्यवस्था
    www.edb.gov.hk/k1-admission_e
  - KGs की रूपरेखा
    www.chsc.hk/kindergarten/en/
  - NCS छात्रों के लिए शिक्षा सेवाएं
    www.edb.gov.hk/ncs